लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 5300

05 अप्रैल, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

वस्त्र विनिर्माण इकाइयों को राजसहायता

5300. डॉ. मनोज राजोरिया:
श्री जी. एम. सिद्देश्वर:
श्रीमती रंजीता कोली:
श्री सुमेधानन्द सरस्वती:

क्या वस्त्र मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार की देश में विशेषकर राजस्थान और कर्नाटक राज्यों में लघु वस्त्र निर्माण इकाइयों को राजसहायता प्रदान करने की कोई योजना है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा राजस्थान और कर्नाटक राज्यों में अब तक स्वीकृत वस्त्र इकाइयों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

वस्त्र राज्य मंत्री

(श्रीमती दर्शना जरदोश)

(क) से (ग): वस्त्र मंत्रालय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) और छोटी वस्त्र निर्माण इकाइयों सहित वस्त्र उद्योग को संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस) और पावरटेक्स इंडिया जैसी योजनाओं के माध्यम से राजस्थान और कर्नाटक सहित पूरे देश में सब्सिडी सहायता प्रदान कर रहा है। योजनाओं के तहत प्रदान की गई सहायता का विवरण **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(घ): राजस्थान और कर्नाटक में एटीयूएफएस और पावरटेक्स इंडिया योजना के तहत सहायता प्रदान करने वाली वस्त्र इकाइयों का विवरण **अनुबंध-II** में दिया गया है।

अनुबंध- I

छोटे विनिर्माताओं सहित वस्त्र उद्योग के लाभ हेतु कार्यान्वित योजनाओं का विवरण

क्र. सं.	**योजना का नाम**	**सहायता का विवरण**	**कार्यान्वयन की अवधि**
1	संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस)	गारमेंटिंग और तकनीकी वस्त्र क्षेत्र के लिए **15%** की दर से **30** करोड़ रु. की अधिकतम सीमा और बुनाई, प्रसंस्करण, पटसन, रेशम और हथकरघा क्षेत्रों के लिए के **10%** की दर से **20** करोड़ रुपये की अधिकतम सीमा के साथ व्यक्तिगत इकाई के प्रौद्योगिकी उन्नयन हेतु पूंजीगत निवेश सब्सिडी (सीआईएस) प्रदान की जाती है।	जनवरी, 2016 से मार्च, 2022 तक
2.	पावरटेक्स इंडिया योजना	विकेन्द्रीकृत विद्युतकरघा क्षेत्र को सशक्त करने के लिए स्व-स्थाने उन्नयन, यार्न बैंक योजना, वर्कशेड परियोजनाएं।	अपैल, 2017 से मार्च, 2021 तक

अनुबंध- II

राजस्थान और कर्नाटक में एटीयूएफएस और पावरटेक्स इंडिया योजना के तहत सहायता प्रदान की जाने वाली वस्त्र इकाइयों का विवरण

(दिनांक 30.03.2023 तक)

क्र.सं.	योजना का नाम		इकाइयों/लाभार्थियों की संख्या		सहायता की राशि (करोड़ रुपए में)	
			राजस्थान	कर्नाटक	राजस्थान	कर्नाटक
1.	संशोधित प्रौद्योगिकी उन्नयन निधि योजना (एटीयूएफएस)		211	56	429.86	95.3
2.	पावरटेक्स इंडिया योजना	वर्कशेड योजना	1	0	0.28	0
		यार्न बैंक परियोजना	1	2	0.50	0.80

****